16/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा के दूसरे चरण में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अल्जीयर्स से मॉरिटानिया के लिए रवाना हो गई हैं। राष्ट्रपति को गर्मजोशी से विदाई दी गई। उन्हें पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ अल्जीरिया के प्रधानमंत्री नादिर लारबौई और अन्य उच्च अधिकारियों ने विदाई दी। मॉरिटानिया की अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुर्मु मॉरिटानिया के नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी और भारतीय प्रवासियों से बातचीत करेंगी।

0000000000000000000

केंद्रीय विदेश मंत्री डॉक्टर सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आज पाकिस्तान के इस्लामाबाद में आयोजित संघाई सहयोग संगठन-एससीओ के शासनाध्यक्षों की परिषद बैठक को सार्थक बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में डॉ. जयशंकर ने कहा कि इस अवसर पर आठ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि भारत ने विचार-विमर्श में सकारात्मक और रचनात्मक योगदान दिया है। विदेश मंत्री ने कहा कि एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के विचार पर संवाद विकसित करने सहित भारतीय परिप्रेक्ष्य से आठ प्रमुख निष्कर्ष थे। उन्होंने कुछ निष्कर्षों के रूप में डीपीआई और डिजिटल समावेशन को एससीओ सहयोग ढांचे का हिस्सा बनने और एससीओ द्वारा संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य-यूएनएसडीजी हासिल करने के लिए मिशन लाइफ से प्रेरणा लेने का हवाला दिया। एससीओ स्टार्टअप फोरम, स्टार्टअप और नवाचार तथा पारंपरिक चिकित्सा पर विशेष कार्य समूहों जैसी भारतीय पहलों के परिणामों का एससीओ सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया।

0000000000000000000000

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दीपावली त्योहार से पहले आज केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डी ए) में तीन प्रतिशत की बढोत्तरी को मंजूरी दे दी है। इस बढ़ोत्तरी के साथ ही पहली जुलाई दो हजार चौबीस से डी ए मूल वेतन का तिरपन प्रतिशत हो जाएगा। महंगाई भत्ते की वृद्धि से उनचास लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और चौसठ लाख से अधिक पेंशन भोगियों को लाभ मिलेगा। डी ए और डी आर दोनों के कारण सरकारी खजाने पर संयुक्त प्रभाव प्रति वर्ष नौ हजार चार सौ अड़तालीस करोड़ रुपये से अधिक होगा।

00000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने तवांग जिले के लोऊ गांव के पूर्व जिला परिषद सदस्य अध्यक्ष एवं वरिष्ठ जन प्रतिनिधि जाम्बे त्सेरिंग के निधन पर दुख व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में श्री खांडू ने कहा कि लोऊ गांव के पूर्व जेड पी एम और वरिष्ठ नेता जाम्बे सेरिंग के निधन से उन्हें गहरा दुख हुआ है। वे 3-मुक्तो विधान सभा क्षेत्र में एक महान व्यक्ति थे, जिनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

000000000000000000000

प्रदेश मुख्य सचिव मनिष कुमार गुप्ता ने जोर देकर कहा कि भूमि प्रबंधन और भूविज्ञान एवं खनन विभागों की गतिविधियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाना चाहिए। यह बात मुख्य सचिव ने आज भूमि प्रबंधन, भूविज्ञान एवं खनन, आपदा प्रबंधन और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागों के सात हुई समीक्षा बैठक में कहीं।

श्री गुप्ता ने इस बात पर भी बल दिया कि विभाग के वार्षिक प्रदर्शन की समीक्षा के लिए आपदा प्रबंधन पर राज्य कार्यकारी समिति की नियमित बैठकें और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक साल में एक बार आयोजित की जानी चाहिए।

0000000000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय, दोईमुख में आगामी पच्चीस से सत्ताईस अक्टूबर तक तीसरा राज्य पैरा खेल दो हजार चौबीस का आयोजन होगा। इस आयोजन में लगभग पांच सौ प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें तीन सौ पैरा-स्पोर्ट खिलाड़ी (दिव्यांगजन) और दो सौ सहायक कर्मचारी शामिल है। खेल प्रतियोगिता में सात डिसिप्लिन पैरा एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, ब्लॉइंड फुटबॉल, पैरा बोक्टिया, पैरा पावर लिफ्टिंग, पैरा शतरंज और पैरा शूटिंग पर प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को आगामी नॉर्थ ईस्ट पैरा गेम्स और नेशनल गेम्स/ चैंपियनशिप दो हजार चौबीस - पच्चीस में अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित किया जाएगा।

00000000000000000000

गत चौदह अक्टूबर से शुरु हुई पूर्वोत्तर राज्यों में भारतीय नौसेना मोटरसाईकल अभियान आगामी चौबीस अक्टूबर तक जारी रहेगा। पूर्वोत्तर के तीन राज्यों मेघालय, असम और अरुणाचल प्रदेश में वर्तमान पहल में मुख्य उद्देश्य स्कूलों और महाविद्यालयों में भारतीय नौसेना का प्रदर्शन करना और अग्निपथ योजनाओं सहित भारतीय नौसेना में करियर के अवसरों के बारे में जागरुकता अभियान चलाना है।

अभियान में महिला अधिकारियों और उनके जीवन साथियों को शामिल करके नारी शक्ति को बढ़ावा देना और क्षेत्र में नौसेना के दिग्गजों और वीर नारियों के साथ बातचीत करना भी है। पंद्रह दिवसीय अभियान में अधिकारियों, नाविकों और उनके परिवार के सदस्यों समेत कुल चालीस भारतीय नौसेना कर्मी भाग ले रहे है।

0000000000000000000000000

बासठवां वालोंग दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय सेना वालोंग के नायकों को श्रद्धांजलि देने के लिए महीनेभर चलने वाला कार्यक्रम की श्रृंखला का आयोजन करने जा रहा है। यह अवसर उन्नीस सौ बासठ के भारत-चीन युद्ध में वालोंग की लड़ाई के दौरान वीरता से लड़ने वाले हमारे सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करता है। यह स्मरणोत्सव कल से शुरु होकर अगले महीने की चौदह तारिख तक चलेगा। इस वर्ष के स्मरणोत्सव में स्थानीय समुदायों को शामिल करके और शहीद नायकों की स्मृति का सम्मान करके एक जीवंत गतिविधिया आयोजित की जाएगी।

000000000000000000

आकाशवाणी ईटानगर की क्षेत्रीय समाचार इकाई राज्य के प्रत्येक जिले से एक पार्ट टाईम संवाददाता (पीटीसी) के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहे है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आठ नवबंर दो हजार चौबीस होगी। इच्छुक उम्मीदवार www.newsonair.gov.in पर 'वेकैंसीज' की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।